कार्यालय प्राचार्य, शासकीय डॉ.वा.वा.पाटणकर कन्या स्नातकोत्तर महाविद्यालय,
केन्द्रीय विद्यालय के पास, जेलरोड दुर्ग (छ.ग.)
पूर्व नाम–शासकीय कन्या महाविद्यालय,दुर्ग (छ.ग.) फोन 0788–2323773
Email- govtgirlspgcollege@gmail.com
Website: www.govtgirlspgcollegedurg.ac.in
College Code : 1602

दुर्ग, दिनांक : 14.10.2025

/प्रेस विज्ञप्ति/

# कन्या महाविद्यालय की छात्राओं द्वारा वृद्धाश्रम का भ्रमण

शासकीय डॉ0 वा0 वा0 पाटणकर कन्या स्नातकोत्तर महाविद्यालय, दुर्ग के राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई द्वय द्वारा पुलगांव, दुर्ग स्थित वृद्धाश्रम में दान उत्सव के अंतर्गत विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन प्राचार्य डॉ0 रंजना श्रीवास्तव के मार्गदर्शन में सम्पन्न हुआ।

इस अवसर पर सर्वप्रथम प्राचार्य महोदया ने छात्राओं को स्वच्छता की शपथ दिलाई तथा छात्राओं को संबोधित करते हुए कहा कि वृद्धाश्रम में रहने वाले बुजुर्गों के प्रति हमारे मन में आदर सम्मान का भाव होना चाहिए। वे हमारी धरोहर है। उनसे हमें बहुत कुछ सीखने को मिलता है। उनके अनुभवों का लाभ उठाना चाहिए। प्रबंधक श्री दीपक चापरिया ने छात्राओं को प्रेरित करते हुए कहा कि आप लोग देश के कर्णधार हैं। देशसेवा व समाजसेवा का संकल्प लेकर आप लोगों को कार्य करना चाहिए। इस अवसर पर डॉ0 सुषमा यादव ने कहा कि आजकल की युवा पीढ़ी में संस्कारों का अभाव होने के कारण अपने मातापिता को वृद्धाश्रम में छोड़ देते हैं। हम सभी को शिक्षा के साथ-साथ अच्छे संस्कार ग्रहण करते हुए अपने मातापिता के प्रति उदार दृष्टिकोण रखना चाहिए। वृद्धाश्रम में वृद्धों का तिलक लगाकर शॉल भेंटकर सम्मान किया गया। मिठाई, फल, बिस्किट का वितरण किया गया। स्वच्छता अभियान से संबंधित नुक्कड़ नाटक व गीत संगीत का आयोजन किया गया। छात्राओं ने बुजुर्गों के अनुभवों को साझा किया साथ ही छात्राओं द्वारा वृद्धाश्रम की साफ-सफाई की गई। कु0 नेहा ढीमर, त्रिशला कौशिक, ट्विंकल, देविका, चेश्री एवं श्री विमल यादव का विशेष योगदान रहा। कार्यक्रम अधिकारी डॉ0 यशेश्वरी ध्रुव ने कार्यक्रम का संचालन एवं आभार प्रदर्शन किया।

*टीप - छात्रहित में प्रकाशन हेतु निवेदित।*

(डॉ0 रंजना श्रीवास्तव)
प्राचार्य
शास0 डॉ0 वा0 वा0 पाटणकर कन्या
स्नातकोत्तर महाविद्यालय, दुर्ग (छ0ग0)

# कन्या महाविद्यालय की छात्राओं द्वारा वृद्धाश्रम का भ्रमण






